# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (22.10.2024)**

---

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 22.10.2024, PAGE-04

### इंटीग्रेटेड बीएड में नामांकन के लिए काउंसेलिंग आज से

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में दाखिले के लिए मंगलवार से काउंसेलिंग की प्रक्रिया शुरू हो रही है. एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में सुबह 11 बजे से काउंसलिंग शुरू होगी. पहले दिन मेधा क्रमांक एक से 300 तक के अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग की जाएगी. चार संबद्ध कॉलेजों में कुल 400 सीटों पर नामांकन को लेकर यह प्रक्रिया हो रही है. 1196 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं. संयुक्त प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर नोडल यूनिवर्सिटी बीआरएबीयू की ओर से मेधा सूची तैयार की गयी है.

सीईटी इंटीग्रेटेड बीएड के नोडल अधिकारी प्रो.बीएस राय ने बताया कि काउंसेलिंग के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है. अभ्यर्थियों को कहा गया है कि उन्हें सभी डॉक्यूमेंट और नोडल अधिकारी के फेवर में तीन हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट भी लेकर आना है. 22 अक्तूबर को एक से 300, 23 को 301 से 600, 24 को 601 से 900, और 25 को 901 से 1196 रैंक तक के अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग की जाएगी.

---

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE :22.10.2024, PAGE-02

**बीआरएबीयू : चार कॉलेजों में होती है बीए-बीएड व बीएससी-बीएड की पढ़ाई**

### चार वर्षीय बीएड की 400 सीटों के लिए 1196 दावेदार, आज से होगी काउंसेलिंग

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 4 संबद्ध कॉलेजों में इंटीग्रेटेड बीएड की 400 सीटों के लिए 1196 अभ्यर्थी हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफल इन अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग मंगलवार से 4 दिनों तक होगी। यानी, प्रतिदिन करीब 300 अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग होगी। उसी के आधार पर कॉलेज आवंटित करते हुए फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय ने एडमिशन के लिए अभी तिथि घोषित नहीं की है। काउंसेलिंग के बाद एडमिशन के लिए तिथि जारी होगी। बिहार विश्वविद्यालय के 4 संबद्ध कॉलेजों में ही बीए-बीएड

और बीएससी-बीएड की पढ़ाई होती है। राजभवन ने पहली बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए बीआरएबीयू को नोडल केंद्र बनाया था। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर नोडल यूनिवर्सिटी की ओर से मेरिट लिस्ट तैयार की गई है। अब उसी के अनुसार काउंसेलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। 22 से 25 अक्टूबर तक एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में सुबह 11 बजे से काउंसेलिंग होगी। सीईटी इंटीग्रेटेड बीएड के नोडल अधिकारी प्रो. बीएस राय ने काउंसेलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया है। अभ्यर्थियों को शेड्यूल के अनुसार ही काउंसेलिंग के लिए पहुंचने के लिए कहा गया है। सभी डॉक्युमेंट और नोडल अधिकारी के फेवर में 3 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट साथ लाना है। मेरिट लिस्ट में 1 से 300 रैंक के अभ्यर्थी की काउंसेलिंग 22 अक्टूबर को होगी। इसी तरह 301 से 600 रैंक के लिए 23 अक्टूबर, 601 से 900 के लिए 24 अक्टूबर और 901 से 1196 के लिए 25 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है।

---

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 22.10.2024, PAGE-02

### सीनेट की अगली बैठक में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के नए सदस्यों का होगा चुनाव, उसके बाद फाइनेंस कमेटी का चयन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के नए सदस्यों का चुनाव सीनेट की अगली बैठक में होगा। इसके बाद होने वाली सीनेट की बैठक में फाइनेंस कमेटी के चार सदस्यों का चयन किया जाएगा। पिछले महीने सीनेट के 15 शिक्षक प्रतिनिधियों का चुनाव वोटिंग जरिए कराया गया है। अब विश्वविद्यालय के शिक्षक सिंडिकेट सहित अन्य कमेटियों में जगह बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि, विश्वविद्यालय की ओर से अबतक सीनेट की बैठक या सिंडिकेट के चुनाव को लेकर कोई पहल नहीं की गई है। विश्वविद्यालय ने 12 वर्षों के बाद सीनेट के सदस्यों का चयन कराया गया है। इसके बाद नए सीनेट का गठन हो गया है। अब सिंडिकेट सदस्य के लिए शिक्षक अपनी दावेदारी करेंगे। इसमें कोई भी शिक्षक उम्मीदवार हो सकते हैं। उनका चयन केवल सीनेट के शिक्षक सदस्य करेंगे। इसी तरह नॉन टीचिंग कैटेगरी के लिए सीनेट सदस्य के रूप में शामिल नॉन टीचिंग सदस्य ही अपनी दावेदारी करेंगे। उनका चुनाव सीनेट के नॉन टीचिंग सदस्य करेंगे। वहीं, एकेडमिक काउंसिल के सदस्य के चुनाव में केवल सीनेट के टीचिंग और नॉन टीचिंग सदस्य ही वोटर होंगे। सिंडिकेट सदस्य के लिए दावेदारी करने वाले शिक्षक प्रतिनिधि का चयन सीनेट के शिक्षक सदस्य ही करेंगे। इसी तरह सिंडिकेट सदस्य की दावेदारी करने वाले नॉन टीचिंग प्रतिनिधि का चयन सीनेट के नॉन टीचिंग सदस्य करेंगे।

**शेड्यूल के अनुसार नवंबर में प्रस्तावित है सीनेट की बैठक**

विश्वविद्यालय की ओर से सीनेट के टीचिंग और नॉन टीचिंग सदस्यों की सूची तैयार की गई है। इसी आधार पर आने वाले दिनों में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि, सीनेट की बैठक कब होगी, इसकी तिथि निर्धारित नहीं है। राजभवन और उच्च शिक्षा विभाग की ओर से पिछले वर्ष ही सीनेट सहित अन्य निकायों की बैठक का शेड्यूल सभी विश्वविद्यालयों को भेजा गया था। इसमें नवंबर में सीनेट की बैठक प्रस्तावित है, ताकि बजट और नए कॉलेजों की मान्यता से संबंधित प्रस्ताव जनवरी तक सरकार को भेज दिया जाए।